राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन व जनसंपर्क विभाग

प्रधान कर्यालय, बेंगलूरु

केनरा बैंक, लंदन शाखा में आयोजित हिंदी कार्यशाला

केनरा बैंक, यूनाइटेड किंगडम की लंदन शाखा द्वारा दिनांक 29 जनवरी 2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे हिंदी कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य विषय "कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) और हिंदी" रहा, जिसका उद्देश्य आधुनिक तकनीक के संदर्भ में हिंदी के प्रयोग, संभावनाओं और व्यावहारिक उपयोग पर प्रकाश डालना था। इस कर्यशाला में मुख्य अतिथि के रुप में डॉ. अनुराधा पांडे, राजभाषा अधिकारी, लंदन उच्चायोग उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्री सुधांशु सुमन, मुख्य कार्यपालक महोदय द्वारा मुख्य अतिथि के स्वागत से हुआ। इसके पश्चात प्रतिभागियों का संक्षिप्त परिचय कराया गया। मुख्य अतिथि महोदया ने अपने संबोधन में हिंदी भाषा की प्रासंगिकता, प्रवासी परिवेश में इसके प्रयोग तथा तकनीकी युग में हिंदी की भूमिका पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए।

कार्यशाला सत्र में AI और हिंदी के अंतर्संबंध पर विस्तार से चर्चा की गई। यह बताया गया कि किस प्रकार कृत्रिम बुद्धिमत्ता हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार, अनुवाद, कार्यालयीन कार्य, ग्राहक सेवा तथा राजभाषा अनुपालन में सहायक सिद्ध हो सकती है। साथ ही, भारत और ब्रिटेन में लागू राजभाषा नियमों की जानकारी भी दी गई, जिससे प्रतिभागियों को व्यवहारिक मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

केनरा बैंक यूके (लंदन) की ओर से हिंदी के प्रयोग को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु उपयोगी सुझाव प्रस्तुत किए गए। इसके उपरांत प्रश्नोत्तरी सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

कार्यक्रम में केनरा बैंक, लंदन के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से श्री कृष्णेन्दु दत्ता (उप मुख्य कार्यपालक), श्री राजेश आर. के. (क्रेडिट प्रमुख), श्री ए. सतीश कुमार (परिचालन प्रमुख), श्री पॉल हाइमस (मानव संसाधन प्रबंधक), सुश्री कुशलिका प्रेमचंद्रा (एचओसी एवं एमएलआरओ), सुश्री निकोला एटकिंस (सुपरवाइज़र), सुश्री दीपिका परमार, सुश्री इप्सिता प्रधान (जोखिम प्रबंधक), श्री जयदीप (सिंडिकेशन प्रमुख), श्री गौरव कृष्ण मोदी (वरिष्ठ प्रबंधक), सुश्री संयुक्ता राजू (वरिष्ठ प्रबंधक), श्री मिथुम एम. (प्रबंधक), श्री पलाश बगोरा (प्रबंधक), सुश्री फातिमा खान, सुश्री अर्चना जायसवाल, श्री विवेक शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। यह हिंदी कार्यशाला अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रासंगिक एवं सफल रही तथा प्रतिभागियों के दैनिक कार्यालयीन कार्य में हिंदी के प्रभावी प्रयोग हेतु प्रेरणादायक सिद्ध हुई।

****

कार्यक्रम की झलकियाँ

धन्यवाद